ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 04-10-2022

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-10-04 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-10-05	2022-10-06	2022-10-07	2022-10-08	2022-10-09
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	36.0	37.0	36.0	36.0	36.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	26.0	25.0	25.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	37	31	62	71	68
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	19	15	15	20	21
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	13.0	11.0	13.0	12.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	291	182	122	111	99
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	1	2	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 36.0 से 37.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 25.0 से 26.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि अच्छी गुणवता के लिये खरीफ फसलों को अच्छी तरह धुप में सुखाने के बाद ही गहाई करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँगफली	मूंगफली की फसल पकाव अवस्था पर है अगर 80 प्रतिशत फलियां पक गई हो तो मूंगफली की खुदाई की जानी चाहिए।
चना	चने की बुवाई के लिए उपयुक्त समय सिंचित क्षेत्रों में 25 अक्टूबर तक तथा असिंचित क्षेत्रों में अक्टूबर माह का प्रथम सप्ताह है अतः चने की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
सरसों	किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि सरसों की बुवाई हेतु खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	शीतकालीन टमाटर की फसल के लिए नर्सरी तैयार करें। पूसा रूबी, पूसा-120, अर्का विकास, सोनाली, पूसा हाइब्रिड-1 पूसा हाइब्रिड-2 व पंत बहार उन्नत किस्मों की बुवाई करें। 400-500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर के लिए उपयुक्त है।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	दिन के तापमान को देखते हुए अभी सरसों राया की बुवाई ना करें।
सामान्य सलाह	सौफ की बुवाई का समय मध्य सितम्बर से मध्य अक्टूबर तक है। आर.एफ-125, आर.एफ-143, आर.एफ-101 उन्नत किस्मों की बुवाई करें। बीज दर 8-10 किलो प्रति हैक्टेयर रखें। 30 किलो नत्रजन व 40 किलो फास्फोरस प्रति हैक्टेयर की दर से अन्तिम जुताई के समय दें।
सामान्य सलाह	खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेत की मेड़ो व रास्तों से खरपतवारों को साफ करें।
सामान्य सलाह	रबी फसलों की बुवाई से पूर्व खाली खेत में 8-10 टन गोबर की खाद प्रति हैक्टेयर में डालें जो मृदा के भौतिक व जैविक गुणों को बडाती है तथा मृदा की जल धारण क्षमता भी बडती है।